# बढ़ते कदम

## मुख्य बिजनेसेज़ में स्ट्रेटेजिक इनिशिएटिव और स्ट्रांग परफॉरमेंस वाली एक तिमाही।



प्यारे शेयरहोल्डर्स,

नमस्ते!

एक बार फिर, आपको यह बताते हुए मुझे खुशी हो रही है कि हम अच्छी प्रोग्रेस और अचीवमेंट्स से भरपूर एक तिमाही को क्लोज कर रहे हैं। मुझे इस बात की भी ख़ुशी है कि वेदांता क्रिटिकल और ट्रांज़ीशन मिनरल्स, एनर्जी और टेक्नोलॉजी में ग्लोबल लीडर बनने के अपने टारगेट की तरफ तेजी से बढ़ रहा है। ये सफर जितना हमारा है, उतना ही आपका भी है, और हम साथ-साथ इस सक्सेस को लेकर आगे बढ़ने के लिए तैयार हैं।

वित्त वर्ष 2025 की तीसरी तिमाही और पहले नौ महीने वेदांता के लिए बहुत ख़ास रहे हैं। हमने **11,284 करोड़ रुपये का रिकॉर्ड तीसरी तिमाही का एबिट्डा** हासिल किया, जो पिछली 11 तिमाहियों में सबसे ज़्यादा है। साथ ही, **4,876 करोड़ रुपये का प्रॉफिट आफ्टर टैक्स,** जो पिछले वर्ष के इसी पीरियड से 70% अधिक है । **नेट डेट और एबिट्डा का रेश्यो 1.4X है** - जो पिछले 7 क्वार्टर्स में हमारा सबसे कम है। यह शानदार परफॉरमेंस हमारे **एक लाख से ज़्यादा एम्प्लाइज** और बिजनेस पार्टनर्स वाली वेदांता फैमिली की कड़ी मेहनत, कमिटमेंट और डेडिकेशन, हमारी मैनेजमेंट टीम के एंटरप्रेंयूरिअल सोच और हमारे सभी स्टेकहोल्डर्स के सपोर्ट के बिना संभव ही नहीं था।

इस तीसरी तिमाही में, हमारे **एल्युमीनियम प्रॉडक्शन** में मज़बूत ग्रोथ हुयी, इस क्वार्टर में प्रॉडक्शन बढ़कर **614 किलो टन** और नौ महीनों में **1,819 किलो टन** हो गया, जो कि पिछले साल की समान अवधि से **3% ज़्यादा** है। एलुमिना प्रॉडक्शन नौ महीनों में **16% बढ़कर 1,543 किलो टन** हो गया, जबकि जिंक इंडिया ने इस अवधि में अपना अब तक का **सबसे अधिक रिफ़ाइंड मेटल आउटपुट हासिल किया।** वेदांता का अपने **प्रॉडक्शन को ऑप्टिमाइज़ करने का कमिटमेंट,** भारत में **ऐसे मेटल्स की बढ़ती डिमांड** और देश को लो-कार्बन फ्यूचर की ओर ले जाने में उनके रोल के लिए हमारी गंभीरता दिखाता है।

जैसा कि मैंने पिछले पत्र में रिफ्लेक्ट किया, **फायनेंशियल डिसीप्लेन के लिए हमारा कमिटमेंट मजबूत है।** इसे सभी **प्रमुख ग्लोबल क्रेडिट रेटिंग एजेंसियों** ने माना है, जिन्होंने इस क्वार्टर में कई बार **हमारे रेटिंग आउटलुक को अपग्रेड** किया है।

सभी प्रमुख पैरामीटर्स पर अपने बिजनेस को मजबूत करने के लिए हमारा फोकस और पक्का इरादा हमें अपने सभी **शेयरहोल्डर्स को असाधारण वैल्यू** देने में मदद करता है। पिछले पाँच साल की अवधि की शुरुआत में वेदांता में इन्वेस्ट करने वाले किसी भी व्यक्ति ने इस दौरान, **कैपिटल अप्रिसिएशन** और **कैश डिविडेंड रिटर्न** दोनों तरह से **अपने इन्वेस्टमेंट को 4.7 गुना से ज़्यादा बढ़ते देखा होगा,** जहाँ वेदांता का **सबसे मजबूत ट्रैक रिकॉर्ड है- 81% का डिविडेंड यील्ड - जो अपने सभी पीअर्स में सबसे ज़्यादा है।**

पिछली तिमाही में, आपकी कंपनी को **एसएंडपी ग्लोबल सस्टेनेबिलिटी असेसमेंट 2024** में एक बार फिर से रेकग्नाइज़ किया गया। डाइवर्सिफाइड मेटल एंड माइनिंग इंडस्ट्री ग्रुप में **हिंदुस्तान जिंक को नंबर वन** और **वेदांता लिमिटेड को चौथा** स्थान मिला। यह हमारे ऑपरेशन्स में हाईएस्ट पॉसिबल सस्टेनेबिलिटी स्टैंडर्ड्स सेट करने के हमारे कमिटमेंट को फिर से मजबूत करता है।

जल्द ही, वेदांता प्रस्तावित **डीमर्जर स्कीम पर क्रेडिटर्स और शरहोल्डर्स से फाइनल अप्रूवल** मांगेगा। डीमर्जर के बाद, **वेदांता के हर एक शेयरहोल्डर को 4 नई डीमर्जड कंपनियों- वेदांता एल्युमीनियम, वेदांता ऑयल एंड गैस, वेदांता पावर और वेदांता स्टील एंड फेरस मेटल्स के एक-एक अतिरिक्त शेयर प्राप्त होंगे।** इससे वेदांता के इन्वेस्टर बेस काफ़ी हद तक बढ़ जाएगा, जबकि **सभी नए इन्वेस्टर्स को इन एन्टिटीज़ और इन प्योरप्ले इंडस्ट्री वर्टीकल में चुनने का मौका मिलेगा।**

आखिर में, मुझे यह बताते हुए खुशी हो रही है कि हमने हाल ही में **अपना 7000वाँ नंद घर खोला है।** इसके साथ, हम भारत के बच्चों और महिलाओं के सपोर्ट में **25,000 नंद घरों** तक पहुँचने के अपने टारगेट के एक कदम और नज़दीक पहुँच गए हैं। कृपया हमारे इस मिशन में आप भी शामिल हों ताकि हम ये तय कर सकें कि **किसी भी बच्चे को कभी भी भूखा ना सोना पड़े।**

जब हम 2025 की तरफ देखते हैं, तो **मैं आगे के प्रॉस्पेक्टस को लेकर बहुत उत्साहित हूँ। माइनिंग और नेचुरल रिसोर्सेज सेक्टर ने दुनिया की सभी बड़ी इकोनॉमी की ग्रोथ और डेवलपमेंट एजेंडे में एक बहुत ही ख़ास रोल प्ले किया है।** उत्तरी अमेरिका, यूरोप, मिडिल ईस्ट, चीन और ऑस्ट्रेलिया सभी इसके प्रमाण हैं। हमारे मिनरल रिसोर्सेज को 20% से भी कम एक्स्प्लोर किया गया है । आज, जब **देश और विदेश दोनों में इस सेक्टर पर फोकस बढ़ रहा है,** मुझे विश्वास है कि भारत का समय अब आ चुका है।

भारत की इस विकास यात्रा में वेदांता कमिटेड है - देश की जरूरतों के लिए।

**हार्दिक शुभकामनाएं,**

**अनिल अग्रवाल**
**चेयरमैन, वेदांता लिमिटेड**